an>

Title: Need to make provision to admit the children of martyrs in Kendirya Vidyalaya in Jhunjhunu, Rajasthan.

**श्रीमती संतोÂष अहलावत (झुंझुनू):** माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका धन्यवाद करती हूँ कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विÂषय पर बोलने का मौका दिया। महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र झुंझुनू में बहुसंख्यक लोग सेना, अर्द्धसैनिक बल और पुलिस में नौकरी करके देश की सेवा कर रहे हैं। यहाँ के सैनिकों को अनेक वीरता पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं। परमवीर चक्र, वीर चक्र, शौर्य चक्र यहाँ के सैनिकों को मिले हैं और यहाँ के बहुसंख्यक सैनिक शहीद भी हुए हैं। कारगिल युद्ध में सबसे ज्यादा शहीद मेरे क्षेत्र के सैनिक हुए। सीमाओं की रक्षा करने वाले इन देश के सुपूतों के बच्चों को केन्द्रीय विद्यालयों में दाखिला मिल सके, इसके लिए मैं आपके माध्यम से यहाँ विराजमान शिक्षा मंत्री जी से छोटा सा निवेदन करना चाहती हूँ कि क्लासेज़ में सैक्शन को बढ़ाने की अनुमति दे दें। इससे कुछ और बच्चे एडमिशन ले पाएँगे और सैनिकों को हमें यह सम्मान देना भी चाहिए। या तो दोपहर की शिफ्ट के लिए अनुमति दे दें या क्लासेज़ में सैक्शन्स बढ़ा दें, इतनी सी गुज़ारिश आपके माध्यम से है।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री पी.पी.चौधरी एवं कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती संतोÂष अहलावत द्वारा उठाए गए विÂ◌ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री राहुल शेवाले - उपस्थित नहीं। डॉ. संजय जायसवाल।